भर्ती हेतु सूचना

लेखा सहायक

सार्वजनिक स्वास्थ्य प्रणाली को सुदृढ़ बनाने हेतु राज्यों को तकनीकी सहायता एवं क्षमता विकास में सहयोग प्रदान करने के लिए राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन (एनएचएम) के तहत एक स्वायत्त पंजीकृत सोसायटी के रूप में राष्ट्रीय स्वास्थ्य प्रणाली संसाधन केंद्र (एनएचएसआरसी) का गठन किया गया है। एनएचएसआरसी को राष्ट्रीय रणनीतिक स्वास्थ्य आयोजना और कार्यक्रम डिजाइन में योगदान करने का भी दायित्व सौंपा गया है। एनएचएसआरसी का कार्य विभिन्न प्रभागों, यथा– सामुदायिक प्रक्रियाएं, गुणवत्ता सुधार, जन स्वास्थ्य प्रशासन, स्वास्थ्य सेवाओं का वित्तपोषण, स्वास्थ्य देखभाल प्रौद्योगिकी, और स्वास्थ्य के लिए मानव संसाधन, में व्यवस्थित किया गया है।

यदि आप स्वास्थ्य साम्या और उत्कृष्टता के लिए प्रतिबद्ध हैं, तो यहां आपके लिए एक ऐसी टीम के साथ कार्य करने का एक अनोखा अवसर है, जो भारत में जन स्वास्थ्य परिदृश्य को आकार प्रदान कर रही है। यह पद, आपको स्वास्थ्य प्रणालियों को सुदृढ़ करने, स्वास्थ्य सेवा प्रदायगी में सुधार करने और स्वास्थ्य के क्षेत्र में सकारात्मक परिणाम लाने की प्रक्रिया में भाग लेने का अवसर प्रदान करता है। विविध क्षेत्र के लोगों की टीम के साथ कार्य कर आप सेवा प्रदायगी प्रणालियों, सबके लिए प्राथमिक स्वास्थ्य देखभाल, स्वास्थ्य के लिए मानव संसाधन, सामुदायिक प्रक्रियाओं, स्वास्थ्य वित्तपोषण, गुणवत्तापूर्ण सेवाएं, जन स्वास्थ्य आयोजना और स्वास्थ्य को बढ़ावा देने संबंधी विविध चुनौतियों का समाधान खोज सकेंगे, अनुकूलित कर सकेंगे, सह–निर्माण और प्रसार कर सकेंगे।

एनएचएसआरसी, पूर्णतः संविदा आधार पर संविदा में उल्लिखित अवधि के लिए लेखा सहायक की भर्ती करने का इच्छुक है।

भूमिकाएं एवं दायित्वः

- वाउचर तैयार करना, वाउचर का रख–रखाव और भंडारण करना।
- टैली ईआरपी में प्रविष्टि दर्ज करना।
- शुरूआती स्तर पर फाइलों को प्राप्त करना और भुगतान प्रक्रिया पूरी हो जाने पर फाइल लौटाना।
- विभिन्न रजिस्टरों, यथा– परिसंपत्ति, टेंडर, चेक इश्यू, फाइल मूवमेन्ट रजिस्टर का रख–रखाव करना।
- स्टाफ के यात्रा दावों का निपटारा करना और उनके छोटे खर्चों का भुगतान करना।
- सभी बयाना जमा (ईएमडी) और बैंक गारंटियों का अभिरक्षक।
- अग्रिम का प्रबंध और धनराशि लौटाने से संबंधित अनुवर्ती कार्रवाई करना।
- सार्वजनिक वित्त प्रबंध प्रणाली (पीएफएमएस) का कार्यसाधक ज्ञान।
- एनएचएसआरसी और स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय के स्टाफ के टीडीएस प्रमाण पत्र और फार्म 16ए तैयार करना और उन्हें समय से उपलब्ध कराना।
- बाजार सर्वेक्षण टीम का हिस्सा बनना।
- वित्त प्रबंधक अथवा कार्यक्रम प्रशासनिक अधिकारी और एनएचएसआरसी के कार्यकारी निदेशक द्वारा सौंपे गए अन्य कार्य करना।

शैक्षणिक योग्यताएं और अनुभवः

अच्छे शैक्षणिक रिकार्ड के साथ वाणिज्य में स्नातक उपाधि और लेखाकरण एवं वित्त के क्षेत्र में योग्यता उपरांत न्यूनतम 4 वर्षों का कार्य अनुभव।

गैर–सरकारी संगठनों (एनजीओ)/सरकारी/अर्ध–सरकारी संस्थाओं का कार्य अनुभव रखने वाले व्यक्ति को वरीयता प्रदान की जाएगी।

कौशल और क्षमताएं

- संगठन के उद्देश्य को समझना,
- माइक्रोसॉफ्ट एप्लीकेशन्स (एमएस ऑफिस, वर्ड, एक्सेल और पॉवर प्वाइंट आदि), ई–मेलके ज्ञान सहित अच्छा कंप्यूटर कौशल,
- एकाउंटिंग, विश्लेषणात्मक और संप्रेषण कौशल,
- उत्कृष्ट अंतर्वैयक्तिक एवं संप्रेषण कौशल और टीम अभिमुखता,
- अभिनव, रचनात्मक और कार्रवाईउन्मुख,
- उत्कृष्ट मौखिक एवं लिखित संप्रेषण क्षमताएं,
- विवरणों पर ध्यान केंद्रित करते हुए विविध कार्यों और प्राथमिकताओं को निष्पादित करने की क्षमता,
- दबाव में कार्य करने की क्षमता
- आवश्यकता पड़ने पर अतिरिक्त घंटे कार्य करना।
- परिणाम उन्मुख, और स्वतंत्र रूप से कार्यों की योजना बनाने, कार्यान्वित करने और उसे समय पर संपन्न करने में सक्षम।

उच्च गुणवत्ता वाले प्रकाशन या सुसंगत कार्य अनुभव रखने वाले अभ्यर्थियों के मामले में औपचारिक शैक्षणिक योग्यता और अनुभव में ढील दी जा सकती है।

आयु : अधिकतम 35 वर्ष (आवेदन प्राप्त होने की अंतिम तिथि को अधिकतम आयु की गणना की जाएगी)।

कार्य स्थलः नईदिल्ली, आवश्यकतानुसार यात्रा करने को इच्छुक

परामर्शी शुल्क सीमाः 27,500/– रु. से 43,999/– रु. के बीच

**योग्यता एवं अनुभव के आधार पर उपर्युक्त सीमा में शुल्क का निर्धारण किया जाएगा।*

- इस साक्षात्कार में चयनित अभ्यर्थियों को एनएचएसआरसी में समान दक्षता वाले और उपयुक्त स्तर के अन्य रिक्त पदों पर भर्ती के लिए विचार किया जा सकता है।

आवेदन करने के लिएः अभ्यर्थियों से अनुरोध है कि वे एनएचएसआरसी की वेबसाइट पर अपलोड की गई भर्ती हेतु सूचना के साथ संलग्न आवेदन पत्र को डाउनलोड कर विधिवत भरे हुए आवेदन पत्र को **01 अक्टूबर, 2020 तक** **acct.nhsrc@gmail.com** पर ई–मेल कर दें। किसी अन्य प्रारूप में या प्रभावित करने की भावना से किसी अन्य माध्यम से प्रस्तुत किए गए आवेदन को अस्वीकार किया जा सकता है। कृपया सुनिश्चित करें कि आवेदन पत्र पर आवेदन किए गए पद का उल्लेख किया गया है, अन्यथा आवेदन पत्र स्वीकार नहीं किया जाएगा।